gradeup



# बैंकिंग और अर्थव्यवस्था मामले

## साप्ताहिक एक लाइनर (8-14 मार्च 2019)

# साप्ताहिक वन लाइनर
# बैंकिंग तथा अर्थशास्त्र मामले
# (8-14 मार्च 2019)

**प्रिय मित्रों,**

साप्ताहिक वन लाइनर महत्वपूर्ण बैंकिंग एवं आर्थिक मामलों से जुड़ी खबरों तथा घटनाक्रमों का संग्रह है जो मार्च महीने के दुसरे स्पताह **(8-14 मार्च) 2019** में घटित हुई हैं। यह लेख आगामी सभी बैंकिंग तथा बीमा परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण है।

## भारतीय रिज़र्व बैंक से जुड़ी खबरें

1. **RBI ने IDBI बैंक को निजी क्षेत्र के ऋणदाता का दर्जा दिया है**
   - RBI के अनुसार, जीवन बीमा निगम (LIC) द्वाराभारतीय औद्योगिक विकास बैंक (IDBI) के प्रमुख हिस्सेके अधिग्रहण के बाद इसे निजी क्षेत्र के ऋणदाता का दर्जा दिया गया है।
   - जनवरी में, भारतीय जीवन बीमा निगम ने लगभग जर्जर IDBI बैंक में 51 फीसदी अंशों पर नियंत्रण प्राप्त करने की प्रक्रिया पूरी की थी।
   - **RBI ने अपने बयान में यह कहा -**"IDBI बैंक को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा नियामक उद्देश्यों के लिए 21 जनवरी 2019 से प्रभावी तौर परएक निजी क्षेत्र के बैंक का दर्जा दिया गया है।यह निर्णयLIC द्वारा बैंक की कुल चुकता अंश पूंजी के 51 फीसदी अंश का अधिकग्रहण करने के बाद लिया गया।
2. **SBI, ICICI और HDFC बैंकों को 1 अप्रैल तक अतिरिक्त पूंजी नियमों को पालन करना होगा:RBI**
   - रिजर्व बैंक ने कहा कि, एस.बी.आई., आई.सी.आई.सी.आई. और एच.डी.एफ.सी. बैंकों को 1 अप्रैल तक अतिरिक्त पूंजी नियमों का पालन करना होगा जिससे बैंक 'असफल होने में मुश्किल' ऋणदाता सूची में बने रहें, इस सूची को D-SIB भी कहते हैं, जिसका अर्थ है घरेलू व्यवस्थित महत्वपूर्ण बैंक है।
   - एस.आई.बी. पर उच्च स्तर की निगरानी की जाती है जिससे किसी विफलता की स्थिति में वित्तीय सेवाओं में कोई रुकावट आने सेरोका जा सके।
   - **डी.एस.आई.बी.** के लिए अतिरिक्त प्रमुख अंश टियर I (CET 1) आवश्यकताओं को अप्रैल 2016 में ही जारी कर दिया था लेकिन यह 1 अप्रैल 2019 से पूरी तरह से प्रभावी हो जाएगी।
   - भारतीय स्टेट बैंक की स्थिति में 1 अप्रैल से लागू अतिरिक्त CTET 1 कोर पूंजी आवश्यकता को जोखिम भार परिसंपत्तियां(RWA)का 0.6 प्रतिशत निर्धारित किया गया हैलेकिन अन्य दो बैंकों के लिए यह 0.4 प्रतिशत निर्धारित है।

**नोट:**

- भारतीय रिजर्व बैंक ने 22 जुलाई 2014 को डी-एस.आई.बी. से व्यवहार करने के लिए एक फ्रेमवर्क जारी किया था।
- **डी-एस.आई.बी.** फ्रेमवर्क आर.बी.आई. को वर्ष 2015 से डी-एस.आई.बी. के रूप में नामित बैंकों के नाम के खुलासे करने को कहता है और इन बैंकों को उनके व्यवस्था महत्व अंक (SIS) के आधार पर इन बैंकों को उचित दर्जे में रखता है।

BANK 2019 PLUS PACK ATTEMPT NOW

- डी.एसआईबी को रखे जाने वाले बाल्टी की स्थिति में, इस पर एक अतिरिक्त सामान्य अंश जरूरतों को लागू किया जाता है।

**SIB: व्यवस्थित महत्वपूर्ण बैंक के बारे में जानकारी**

- RBI आकार, अंतरसंबद्धता, आसानी से उपलब्ध विकल्पों या वित्तीय संस्थान अवसंरचना के अभाव और जटिलता के आधार पर कुछ बैंकों का मूल्यांकन करता है।
- RBI ने अलग-अलग मापदंडों को अलग-अलग महत्व दिए हैं और प्रत्येक संकेतक के लिए एक अलग निपटान तंत्र है। इसलिए, यदि कोई बैंक इन सभी मापदंडों को हासिल करता है तो उसे व्यवस्थित महत्वपूर्ण बैंक के रूप में जाना जाता है।

**3. RBI विदेशी मुद्रा विनिमय के माध्यम से सिस्टम में नकदी डालेगा**

- **भारतीय रिजर्व बैंक** (RBI) ने लंबी अवधि के विदेशी मुद्रा खरीद/बिक्री विनिमय के माध्यम से सिस्टम में नकदी डालने करने का निर्णय लिया है - जो नकदी तरलता प्रबंधन के लिए उपयोग किया जाने वाला अपनी तरह का पहला साधन है।
- RBI 26 मार्च को तीन वर्ष के समय के लिए **5 बिलियन डॉलर** की **डॉलरबिक्री/रुपये खरीद- विनिमय नीलामी** आयोजित करेगा।
- यह पहली बार है जब केंद्रीय बैंक इन सभी वर्षों के लिए बांड खरीद का उपयोग करने के बाद बैंक नकदी बढ़ाने हेतु विदेशी मुद्रा नीलामी का उपयोग कर रहा है। RBI ने इस वित्तीय वर्ष में इस तरह की खरीद के माध्यम से अब तक 2.36 लाख करोड़ रुपये से अधिक नकदी डाली है।
- RBI ने कहा, इस नीलामी के माध्यम से जुटाई गई अमेरिकी डॉलर की धनराशि विनिमय की अवधि के लिए RBI के विदेशी मुद्रा भंडार के साथ-साथRBI की आगे की देनदारियों को भी दर्शाती है।
- विनिमय एक साधारण खरीद/बिक्री व्यापार होगा जिसमें बैंक RBI को अपने अतिरिक्त डॉलर बेचने के लिए बोलियां लगा सकते हैं और इसके साथ विनिमय अवधि के अंत में समान धनराशि खरीदने पर सहमत हो सकते हैं।
- यह योजना एक नीलामी के माध्यम से होगी और यह उन सभी बैंकों के लिए खुली है जो अपने डॉलर को रुपये में बदलना चाहते हैं।
- नीलामी के लिए न्यूनतम बोली 25 मिलियन डॉलर है और बैंकों को कई बोली लगाने की अनुमति दी जाएगी।

**4. RBI ने व्यापार ऋण के लिए मानदंडों में छूट दी**

- भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने स्वचालित मार्ग के तहत व्यापार ऋण सीमा को बढ़ाकर 150 मिलियन डॉलर करने के लिए पूंजी और गैर-पूंजीगत वस्तुओं के आयात हेतु मानदंडों में छूट दी है।
- अन्य के लिए, सीमा 50 मिलियन डॉलर या प्रति आयात लेनदेन के बराबर है।
- व्यापार ऋण (TC) पूंजी एवं गैर-पूंजीगत वस्तुओं के आयात हेतु विदेशी आपूर्तिकर्ता, बैंक, वित्तीय संस्थान और परिपक्वता के लिए अनुमति प्राप्त अन्य उधारदाताओं द्वारा विस्तारित ऋण को दर्शाता है।
- इससे पहले, स्वचालित मार्ग के तहत, बैंकों को 20 मिलियन डॉलर तक के व्यापार ऋण को मंजूरी देने की अनुमति दी गई थी। 20 मिलियन डॉलर से अधिक के व्यापार ऋण (TC) के लिए RBI से मंजूरी की आवश्यकता थी।

BANK 2019 PLUS PACK ATTEMPT NOW

## बैंकिंग और बीमा

**5. HDFC बैंक 6 लाख करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण को पार करने वाली तीसरी कंपनी बनी**

- **HDFC बैंक** रिलायंस इंडस्ट्रीज और TCS के बाद **6 लाख करोड़ रुपये का बाजार पूंजीकरण** हासिल करने वाली तीसरी सूचीबद्ध इकाई बन गई है।
- 13 मार्च 2019 को, देश के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक के शेयर 2.%6 वृद्धि के साथ 2,226 रुपये के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए।
- इससे बैंक का बाजार पूंजीकरण पहली बार लगभग 6.1 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो सार्वजनिक क्षेत्र के सभी सूचीबद्ध बैंकों की तुलना में इसे अधिक मूल्यवान बनाता है।

**नोट:**

- सबसे मूल्यवान कंपनी, रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 8.5 लाख करोड़ रुपये है जबकि TCS 7.5 लाख करोड़ रुपये से थोड़ा पीछे है।
- HDFC बैंक का मूल्य इसकी मूल कंपनी HDFC की तुलना में 80% अधिक है, जिसने 25 वर्ष पहले बैंक को स्थापित किया था।
- विश्लेषकों के अनुसार, HDFC के मूल्य का एक बड़ा हिस्सा इसके बैंक शेयरों की जमा पूंजी से प्राप्त होता है।

**6. स्वर्ण भंडार में भारत का स्थान 11वां: विश्व स्वर्ण परिषद**

- **विश्व स्वर्ण परिषद** (WGC) की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, भारत, जो सोने का विश्व का सबसे बड़ा उपभोक्ता है, के पास **टन 607 सोने का भंडार** है, जो वर्तमान में**11वें स्थान पर** है।
- इसमें **अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष** (IMF) भी शामिल है और कुल **2,814 टन स्वर्ण भंडार** के साथ इस सूची में तीसरे स्थान पर है।
- इस सूची में **अमेरिका सबसे ऊपर** है, जिसके पास **8,133.5 टन सोना** है, इसके बाद जर्मनी के पास 3,363.7 टन सोना है।
- इटली और फ्रांस 2,400 टन से कुछ अधिक स्वर्ण भंडार के साथ शीर्ष पांच की सूची में शामिल हैं।
- इस समय, एशियाई देशों में, भारत की तुलना में चीन और जापान के पास कीमती धातु का अधिक भंडार है। चीन - WGC केवल 'मेंनलैंड चाइना' का ही विवरण रखता है - उसके पास 1,864.3 टन का भंडार है, जबकि जापान के पास 765.2 टन सोने का भंडार है।

**7. SBI ने 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों के लिए डोरस्टेप बैंकिंग सेवा शुरू की**

- **भारतीय स्टेट बैंक** (SBI) ने वर्ष से अधिक आयु 70 के वरिष्ठनागरिकों और दिव्यांगों के लिए **डोरस्टेप बैंकिंग सेवा** शुरू की है।
- वांछनीय ग्राहक वित्तीय लेनदेन के लिए 100 रुपये लेनदेन/और गैर-वित्तीय लेनदेन के लिए 60 रुपये लेनदेन/के मामूली शुल्क पर इस सेवा का लाभ उठा सकते हैं।
- एक बयान के अनुसार, डोरस्टेप बैंकिंग सेवाएं उन KYC- पूर्ण खाताधारकों के लिए उपलब्ध हैं, जिनका बैंक के साथ एक वैध मोबाइल नंबर पंजीकृत है और वे अपनी शाखा से 5 किलोमीटर के दायरे में रहते हैं।
- यह सेवा संयुक्त खातों, नाबालिक खातों और गैर-व्यक्तिगत खातों के लिए उपलब्ध नहीं होगी।
- नकदी उठाना और देना, चेक उठाना, चेक-बुक स्लिप, जीवन प्रमाणपत्र- और फॉर्म 15 उठाना कुछ ऐसी सेवाएं हैं जो प्रदान की जाएंगी।

**8. PNB ने 59 मिनट ऋण पोर्टल के माध्यम से 1,600 MSME को 689 करोड़ रुपये से अधिक के ऋण मंजूर किए**

- पंजाब नेशनल बैंक (PNB) ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSME) को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत psbloansin59minutes.com पोर्टल के माध्यम से 1,600 से अधिक MSME को 689 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत किए हैं।

BANK 2019 PLUS PACK ATTEMPT NOW

- मुद्रा योजना के तहत, बैंक ने इस वित्तीय वर्ष (14 फरवरी, 2019 तक) में 2.69 लाख से अधिक छोटे उद्यमियों को ऋण प्रदान किए हैं।

**नोट:**

- MSME को ऋण प्राप्त करने में आसानी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवंबर, 2018 में **psbloansin59minutes.com पोर्टल** शुरू किया था।
- इस पोर्टल के माध्यम से MSME 59 मिनट या एक घंटे से भी कम समय में 1 करोड़ रुपये तक का ऋण प्राप्त कर सकते हैं।
- यह भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (SIDBI) के नेतृत्व वाले PSB सहायता संघ की एक रणनीतिक पहल है, जो वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग (DFS) के तहत कार्य करती है।
- अन्य साझेदार बैंक भारतीय स्टेट बैंक (SBI), बैंक ऑफ बड़ौदा, PNB, विजया बैंक और इंडियन बैंक हैं।

**9. SBI बचत बैंक खाते पर ब्याज दर को RBI रेपो रेट से लिंक करने वाला पहला बैंक बना**

- पहली बार ,**भारतीय स्टेट बैंक** ने 1 मई, 2019 से **बचत बैंक खाते पर ब्याज दरों को एक बाहरी बेंचमार्क से जोड़ने का निर्णय लिया** है।
- इसके साथ SBI जमा ब्याज दर और ऋण ब्याज दर दोनों को बाहरी बेंचमार्क से जोड़ने वाला पहला भारतीय बैंक बन गया।

**प्रमुख बातें:**

- SBI के अनुसार, बचत बैंक खाते के लिए 1 लाख रुपये से अधिक की औसत जमा राशि के लिए 1 मई से प्रभावी ब्याज दर **रेपो रेट** (वर्तमान में 6.25%) की तुलना में 2.75% कम होगी।
- यह मानते हुए कि RBI अप्रैल में अपनी अगली क्रेडिट पॉलिसी में रेपो रेट को अपरिवर्तित रखता है, तो 1 मई से बचत खातों पर ब्याज दर 3.5% (6.25-2.75%) होगी।
- हालांकि, यदि RBI अपनी अगली बैठक में रेपो रेट को 25 आधार अंक कम कर देता है, तो 1 मई से SBI बचत बैंक की ब्याज दर घटकर 3.25% हो जाएगी।
- SBI ने कहा कि 1 लाख रुपये से अधिक के सभी नकद क्रेडिट खातों और ओवरड्राफ्ट खातों के लिए, न्यूनतम नियत दर 2.25% होगी। इस न्यूनतम नियत पर, SBI उधारकर्ता के जोखिम प्रोफाइल के आधार पर एक जोखिम प्रीमियम शुल्क करेगा। इसलिए 1 मई से इन खातों के लिए आधार दर 8.5% होगी।
- 1 लाख रुपये तक की धनराशि वाले बचत खाता धारकों और 1 लाख रुपये तक की नकद क्रेडिट और ओवरड्राफ्ट सीमा वाले उधारकर्ताओं के लिए ब्याज दरें स्थाई रहेंगी।

**10. बैंक ऑफ बड़ौदा ने मुख्यालय में शिशु पालनाघर (चाइल्ड डेकेयर) केंद्र की शुरुआत की**

- **बैंक ऑफ बड़ौदा** ने अपने मुंबई कॉर्पोरेट कार्यालय परिसर में **शिशुसदन - बाल पालनाघर सुविधा** शुरू की है।
- सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ने कहा कि यह प्रत्येक बच्चे के लिए 60% लागत वहन करेगा, शेष माता-पिता द्वारा वहन किया जाएगा।

## नियुक्तियां

**11. एम.आर. कुमार को LIC अध्यक्ष नियुक्त किया गया**

- सरकार ने **एम.आर. कुमार** को **जीवन बीमा निगम (LIC) का अध्यक्ष** नियुक्त किया।
- वह प्रबंध निदेशक हेमंत भार्गव की जगह लेंगे, जिन्हें 31 दिसंबर, 2018 को वी.के. शर्मा की सेवानिवृत्ति के बाद अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त किया गया था।

BANK 2019 PLUS PACK ATTEMPT NOW

- टी.सी. सुशील कुमार और विपिन आनंद को पांच वर्ष के लिए LIC का प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया है।
- एम.आर. कुमार वर्तमान में LIC के दिल्ली के क्षेत्रीय प्रबंधक हैं, जबकि टी.सी. सुशील कुमार हैदराबाद के क्षेत्रीय प्रबंधक हैं। विपिन आनंद पश्चिमी क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक हैं।

**12. राकेश मखीजा एक्सिस बैंक के नए अध्यक्ष बने**

- एक्सिस बैंक ने राकेश मखीजा को 18 जुलाई से 3 वर्ष की अवधि के लिए अपना गैर-कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है।
- वह संजीव मिश्रा की जगह लेंगे, जिनका बैंक के गैर-कार्यकारी (अंशकालिक) अध्यक्ष के रूप में कार्यकाल 17 जुलाई को समाप्त हो रहा है।

**13. सुभाष चंद्र गर्ग को वित्त सचिव नियुक्त किया गया**

- कार्मिक मंत्रालय के आदेशानुसार आर्थिक मामलों के सचिव सुभाष चंद्र गर्ग को वित्त सचिव नामित किया गया है।
- प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडल नियुक्ति समिति ने गर्ग को वित्त सचिव नियुक्त करने की मंजूरी दे दी।

## अर्थव्यवस्था समाचार

**14. फरवरी में थोक महंगाई दर बढ़कर 2.93% हो गई**

- वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की थोक मुद्रास्फीति दर जनवरी की 2.6% की तुलना में फरवरी में बढ़कर 2.93 प्रतिशत हो गई।
- 14 मार्च को जारी नवीनतम आंकड़ों से पता चला है कि थोक सब्जी की कीमतें जनवरी की तुलना में (-) 4.21% की गिरावट के साथ फरवरी में 6.82 प्रतिशत हो गई, जो पिछले वर्ष फरवरी 2018 में 15.26 प्रतिशत थीं।
- फरवरी 2018 में कुल थोक महंगाई दर 2.74 प्रतिशत थी।

**15. जनवरी, 2019 में औद्योगिक उत्पादन विकास दर 1.7% रही**

- केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय (CSO) ने जनवरी महीने के लिए औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP) के लिए डेटा जारी किया है।
- IIP के आंकड़ों से पता चलता है कि औद्योगिक उत्पादन विकास दर दिसंबर, 2018 में दर्ज हुई 2.6% विकास दर के मुकाबले जनवरी में 1.7% रही।
- CSO ने दिसंबर 2018 के लिए औद्योगिक उत्पादन वृद्धि को संशोधित करके 2.4% से 2.6% किया गया है।

**नोट:**

- औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP) एक संयुक्त संकेतक है जो एक चुनी हुई आधार अवधि में उत्पादन के संदर्भ में एक निश्चित अवधि के दौरान अनेक औद्योगिक उत्पादों के उत्पादन में परिवर्तन को मापता है।
- IIP के लिए आधार वर्ष 2011-12 है।

**16. इन्फोसिस रोमानिया में नवाचार केंद्र खोलेगा**

- इन्फोसिस, रोमानिया की राजधानी बुखारेस्ट में एक नया डिजिटल नवाचार केंद्र खोलेगा, जो ग्राहकों के लिए क्लाउड, बिग डेटा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग सहित अत्याधुनिक डिजिटल तकनीकों पर आधारित वस्तुएं विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करेगा।
- इन्फोसिस इस ग्रीष्मकाल में बुखारेस्ट में एक नया साइबर रक्षा केंद्र खोलने की योजना बना रहा है।
- यह केंद्र यूरोपीय और वैश्विक ग्राहकों को उनकी डिजिटल रूपांतरण यात्रा में विकास हेतु सहायता करने के लिए शुरू से अंत तक 24/7 साइबर सुरक्षा सेवाएं प्रदान करेगा।

**17. ग्रेच्युटी पर आयकर छूट की सीमा दोगुनी होकर 20 लाख रुपये हुई**

- श्रम मंत्रालय के अनुसार, ग्रेच्युटी पर आयकर छूट की सीमा को मौजूदा 10 लाख रुपये से दोगुना करके 20

BANK 2019 PLUS PACK
ATTEMPT NOW

लाख रुपये कर दिया गया है, यह उन कर्मचारियों को लाभान्वित करने वाला कदम है जो ग्रेच्युटी भुगतान अधिनियम, 1972 के दायरे में नहीं आते हैं।

- वित्त मंत्रालय ने आयकर अधिनियम, **1961 की धारा 10 (10) (iii)** के तहत ग्रेच्युटी के लिए आयकर छूट की सीमा को बढ़ाकर 20 लाख रुपये कर दिया है।
- ग्रेच्युटी भुगतान अधिनियम 1972 कर्मचारियों के नौकरी छोड़ते समय नियोक्ताओं द्वारा ग्रेच्युटी का भुगतान करने को अनिवार्य बनाता है, बशर्ते कुछ शर्तें पूरी की गई हों।

**18. NHPC लैंको तीस्ता हाइड्रो पावर लिमिटेड (LTHPL) का अधिग्रहण करेगी**

- आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (CCEA) ने राज्य के स्वामित्व वाले NHPC द्वारा सिक्किम में कर्ज से लदे लैंको के 500 मेगावाट वाले तीस्ता जल-विद्युत ऊर्जा परियोजना के अधिग्रहण को मंज़ूरी दे दी।
- NHPC सिक्किम में कर्ज से लदे लैंको के 500 मेगावाट जल-विद्युत ऊर्जा परियोजना का 907 करोड़ रुपये में अधिग्रहण करेगी।

**नोट:**

- तीस्ता चरण- VI जल-विद्युत परियोजना सिक्किम के सिरवानी गांव में एक रन ऑफ़ रिवर (RoR) परियोजना है, जो तीस्ता नदी घाटी की क्षमता का जलप्रपात के रूप में उपयोग करती है।

**NHPC के विषय में जानकारी**

- NHPC लिमिटेड, जिसे पहले राष्ट्रीय जलविद्युत ऊर्जा प्राधिकरण के रूप में जाना जाता था, को 7 नवंबर, 1975 में मध्य क्षेत्र में जलविद्युत के विकास के लिए केंद्र सरकार उद्यम के रूप में निगमित किया गया था।
- पिछले कुछ वर्षों में NHPC भारत में जलविद्युत विकास के लिए सबसे बड़े केंद्रीय उद्यम के रूप में उभरा है।

## समझौते

**19. भारत और ADB ने असम शहरी परियोजना हेतु अतिरिक्त वित्तपोषण के लिए 26 मिलियन डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए**

- भारत सरकार और एशियाई विकास बैंक (ADB) ने वर्तमान में जारी असम अवसंरचना निवेश योजना के तहत असम के डिब्रूगढ़ शहर में जल अपवाह तंत्र अवसंरचना सुधार हेतु अतिरिक्त वित्तपोषण प्रदान करने के लिए 26 मिलियन डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए।

**20. IBFC ने IFC के साथ सहकारिता समझौते पर हस्ताक्षर किए**

- इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी बोर्ड ऑफ इंडिया (IBBI) ने विश्व बैंक समूह (WBG) के सदस्य अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम (IFC) के साथ एक सहकारिता समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।
- इस समझौते से IFC को कोड के उद्देश्यों के लिए इन्सॉल्वेंसी प्रोफेशनल्स और इन्सॉल्वेंसी प्रोफेशनल एजेंसियों की क्षमता बढ़ाने में IBBI की सहायता करने में मदद मिलेगी।

**21. कोरिया एक्जिम बैंक ने विशाखापत्तनम मेट्रो के लिए 4,100 करोड़ रुपये का ऋण प्रदान किया**

- कोरिया एक्जिम बैंक ने विशाखापत्तनम मेट्रो रेल परियोजना के लिए 4,100 करोड़ रुपये का ऋण प्रदान किया है।
- कोरियाई आयात-निर्यात बैंक, जिसे आमतौर पर कोरिया एक्जिम बैंक के नाम से जाना जाता है, दक्षिण कोरिया की आधिकारिक ऋण निर्यात एजेंसी है।
- बैंक का मुख्यालय दक्षिण कोरिया के सियोल में है।

**22. भारत ने नेपाल में अवसंरचना पुनर्निर्माण के लिए 250 मिलियन अमेरिकी डॉलर प्रदान किए**

BANK 2019 PLUS PACK ATTEMPT NOW

- भारत ने नेपाल में अप्रैल, 2015 में आए विनाशकारी भूकंप के दौरान नष्ट हुए आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य और सांस्कृतिक विरासत के क्षेत्रों में अवसंरचना पुनर्निर्माण के लिए 250 मिलियन अमेरिकी डॉलर की अनुदान सहायता प्रदान की है, इस भूकंप में 9,000 से अधिक लोगों की मृत्यु हो गई थी।
- इस महीने की शुरुआत में, भारत ने कहा था कि वह नेपाल में 72 शिक्षा केंद्रों का पुनर्निर्माण करेगा जो भूकंप के दौरान क्षतिग्रस्त हो गए थे।

**23. भारत, विश्व बैंक और 5 राज्यों के प्रतिनिधियों ने DRIP के लिए ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए**

- भारत सरकार, विश्व बैंक और पांच राज्यों के प्रतिनिधियों ने डैम रिहैबिलिटेशन एंड इंप्रूवमेंट प्रॉजेक्ट (DRIP) के लिए 137 मिलियन डॉलर के अतिरिक्त वित्तपोषण हेतु ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- यह समझौता कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, ओडिशा, तमिलनाडु और उत्तराखंड राज्यों में 220 से अधिक चयनित बड़े बांधों के पुनर्सुधार और आधुनिकीकरण में मदद करेगा।
- अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण एवं विकास बैंक (IBRD) से 137 मिलियन डॉलर के ऋण की अनुग्रह अवधि 3 वर्ष और अंतिम परिपक्वता अवधि 16 वर्ष है।

## पुरस्कार

**24. रघुराम राजन को यशवंतराव चव्हाण पुरस्कार से सम्मानित किया गया**

- RBI के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन को आर्थिक विकास में उनके योगदान के लिए 'यशवंतराव चव्हाण राष्ट्रीय पुरस्कार 2018' से सम्मानित किया गया है।
- यह पुरस्कार महाराष्ट्र के पहले मुख्यमंत्री यशवंतराव चव्हाण की 106वीं जयंती के अवसर पर 12 मार्च को प्रदान किया गया।

**25. भारती एक्सा जनरल इंश्योरेंस ने 'नॉन लाइफ इंश्योरर ऑफ द ईयर अवॉर्ड 2019' हासिल किया**

- भारती एक्सा जनरल इंश्योरेंस को भारत के शीर्ष व्यापार संघों में से एक, एस्सोचैम (Assocham) द्वारा 'नॉन-लाइफ इंश्योरर ऑफ द ईयर अवार्ड 2019' से सम्मानित किया गया है।
- एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (Assocham) ने भारती एक्सा जनरल इंश्योरेंस को गैर-जीवन बीमा क्षेत्र में उत्कृष्टता और योगदान के लिए इस पुरस्कार से सम्मानित किया।

**नोट:**

- भारती एक्सा जनरल इंश्योरेंस, भारती एंटरप्राइजेज और फ्रांसीसी बीमा कंपनी एक्सा (AXA) के बीच एक संयुक्त उद्यम है।

## सर्वेक्षण और रिपोर्ट

**26. MSME क्षेत्र ने पिछले चार वर्षों में सबसे अधिक नौकरियों का सृजन किया: सर्वेक्षण**

- भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण के अनुसार, सभी क्षेत्रों के बीच सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (MSME) पिछले चार वर्षों में 13.9 प्रतिशत की वृद्धि के साथ सबसे बड़ा रोजगार सृजनकर्ता रहा।
- 'MSME क्षेत्र में रोजगार सृजन एवं आउटलुक सर्वेक्षण' शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा गया कि आतिथ्य और पर्यटन, इसके बाद वस्त्र एवं परिधान, और धातु उत्पाद इस अवधि में अन्य शीर्ष रोजगार सृजित क्षेत्र थे।

BANK 2019 PLUS PACK ATTEMPT NOW

- शीर्ष राज्य - महाराष्ट्र, गुजरात और तेलंगाना सबसे बड़े रोजगार सृजनकर्ता थे।
- सर्वेक्षण रिपोर्ट में रोजगार सृजन, रिक्तियों को भरने में आसानी और रोजगार सृजन पर सरकारी पहलों के प्रभाव पर ध्यान केंद्रित किया गया।

**27. IRDAI के आंकड़ों के अनुसार, जीवन बीमा उद्योग ने फरवरी में 18,209 करोड़ रुपये के साथ नई प्रीमियम आय में 33% की वृद्धि दर्ज की**

- भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (IRDAI) के आंकड़ों के अनुसार, भारतीय जीवन बीमा उद्योग ने फरवरी, 2019 के दौरान अपनी कुल बीमा आय में 32.7 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 18,209.50 करोड़ रुपये प्राप्त किए हैं।
- जीवन बीमाकर्ताओं ने एक वर्ष पहले इसी महीने में पहली बार 13,724.96 करोड़ रुपये की बीमा आय संग्रहित की थी।
- LIC, जिसकी बाजार में सबसे बड़ी हिस्सेदारी (66.26 प्रतिशत) है, ने इस महीने के दौरान अपने नए वर्ष के प्रीमियम में 42.2 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 12,055.81 करोड़ रुपये प्राप्त किए।

## बैंकिंग एवं अर्थव्यवस्था शब्दावली

28. **DSIB –** घरेलू व्यवस्थित महत्वपूर्ण बैंक (Domestically Systematically Important Bank)
29. **RWAs –** जोखिमपूर्ण परिसंपत्तियां (Risk Weighted Assets)
30. **TCs –** व्यापार ऋण (Trade credits)
31. **CSO –** केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय (Central Statistics Office)
32. **IIP –** औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (Index of Industrial Production)
33. **IBBI -** Insolvency and Bankruptcy Board of India
34. **IFC –** अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम (International Finance Corporation)
35. **ASSOCHAM –** भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग मंडल (Associated Chambers of Commerce and Industry of India)

________X__________X_______X___________X____

BANK 2019 PLUS PACK ATTEMPT NOW

# बैंक 2019 प्लस पैक

1. 400+ टेस्ट नवीनतम परीक्षा पैटर्न पर आधारित
2. हिंदी तथा इंग्लिश में उपलब्ध
3. ऑल इंडिया रैंक और प्रदर्शन विश्लेषण
4. समाधान की विस्तृत विवरण
5. टॉपिक टेस्ट & विडियो कोर्स
6. वेब और मोबाइल पर उपलब्ध

gradeup